उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 28.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 28.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 28.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक- 27.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित उ0नि0 सुनील कुमार मिश्रा मय हमराह कां0 शुभम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 97/25 धारा 137(2)/ 87/ 64(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त प्रदीप पुत्र छत्रपाल यादव उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना कबरई जनपद महोबा को ग्राम पहरा थाना कबरई जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 सुनील कुमार मिश्रा
2. कां0 सुभम कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त-

प्रदीप पुत्र छत्रपाल यादव उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना कबरई जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 28.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनपद महोबा की स्वॉट/सर्विलेंस एवं थाना अजनर की संयुक्त पुलिस टीम ने लूटकाण्ड के वांछित चौथे अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से लूट की सम्पत्ति (40 हजार रु. नगद) बरामद-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक-28.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा की स्वॉट/सर्विलेंस तथा थाना अजनर की संयुक्त पुलिस टीम ने थाना अजनर क्षेत्र में दिनांक-09.06.2025 को थाना अजनर क्षेत्र में हुई लूट की घटना के सम्बन्ध में थाना अजनर में पंजीकृत किये गये मु.अ.सं. 129/2025 धारा 309(6) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त अनेन्द्र उर्फ आनन्द उर्फ राजा पुत्र चरन सिंह उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम टीला थाना अलीपुरा जनपद छतरपुर म0प्र0 को मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम बघौरा से गिरफ्तार किया गया है, इस दौरान अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित लूट के 40 हजार रुपये व वादी मुकदमा के आधार कार्ड की फोटोकापी बरामद की गयी है, गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है एवं तदोपरान्त जेल भेजा गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

अनेन्द्र उर्फ आनन्द उर्फ राजा पुत्र चरन सिंह उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम टीला थाना अलीपुरा जनपद छतरपुर म0प्र0 ।

**बरामदगी-** लूटी गयी सम्पत्ति 40 हजार रु. नकद व वादी मुकदमा की आधारकार्ड फोटोकापी

**गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम का विवरण-**

**जनपदीय स्वॉट/सर्विलेंस टीम-**

1. उ० नि० शिव प्रताप सिंह प्रभारी स्वॉट/सर्विलेंस टीम
2. उ०नि० विवेक यादव
3. का० रनजीत सिंह 4.का० निर्भय सिंह 5.का० आशीष बघेल
6. हे० का० भूपेंद्र सिंह 7.का० दीपक वर्मा 8.का० कुलदीप यादव
9. का० सत्यम सिंह जादोन 10. का० अभिषेक दुबे

**थाना अजनर पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 सत्यपाल सिंह
2. उ0नि0 आकाश मौर्य 3. कां0 सौरभ सिंह 4.कां0 भरत सिंह



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 28.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## "थाना समाधान दिवस" के अवसर पर आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निराकरण हेतु दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-







आज दिनांक- 28.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद महोबा के थाना कबरई में पहुँचकर क्षेत्र से आये फरियादियों की समस्याओं की जनसुनवाई की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों को उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र समाधान हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर प्राप्त शिकायतों के शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करना है।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा अपर जिलाधिकारी महोबा, श्री रामप्रकाश के साथ थाना कुलपहाड़ में उपस्थित रहकर संयुक्त रुप से फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और उनके शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इसी प्रकार क्षेत्राधाकारी चरखारी, श्री रविकांत गौंड द्वारा थाना चरखारी में मौजूद रहकर जनसमस्याओं की सुनवाई की गयी एवं सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए।

जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच कर, शिकायतों के निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संयुक्त टीमों द्वारा मौके पर जाकर त्वरित कार्यवाही की गई।

थाना समाधान दिवस के अंतर्गत जनपद में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 51 शिकायतें राजस्व से सम्बन्धित व 01 शिकायत पुलिस से सम्बन्धित पायी गयी, इनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया है, जबकि शेष शिकायतों के समाधान/निस्तारण हेतु प्रभावी कार्यवाही प्रगति पर है।

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा अपर जिलाधिकारी के साथ मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत कुलपहाड़ क्षेत्र में रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, पुलिसकर्मियों को ब्रीफ कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश-

आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत जनपद महोबा में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा आज दिनांक- 28.06.2025 को अपर जिलाधिकारी महोबा, श्री रामप्रकाश के साथ संयुक्त रूप से थाना कुलपहाड़ क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री राधेश्याम वर्मा के साथ संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले इलाकों में रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का भौतिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय हालात का आकलन कर स्थानीय अधिकारियों से फीडबैक प्राप्त किया। संवेदनशील बिंदुओं की पहचान कर वहां सुरक्षा को और अधिक मजबूत करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके पश्चात थाना कुलपहाड़ में नियुक्त उपनिरीक्षक एवं आरक्षियों को ब्रीफिंग के माध्यम से सतर्कता बनाए रखने, गश्त बढ़ाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह/उपद्रव को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि मोहर्रम का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो, इसके लिए पुलिस-प्रशासन पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और प्रत्येक स्तर पर सुरक्षा तैयारियां चाक-चौबंद हों इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशासनिक और राजस्व तंत्र के साथ पूर्ण समन्वय स्थापित कर पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था को बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएं।






## जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में यातायात पुलिस टीम द्वारा सड़क किनारे अवस्थित पेड़ों में रिफ्लेक्टर टेप लगाये जा रहे हैं-

जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में रोक लगाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर यातायात प्रभारी महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व यातायात पुलिस टीम द्वारा दुर्घटना बाहुल्य हाट-स्पॉट प्वाइंट्स का चिन्हांकन करते हुए ऐसे स्थलों का भ्रमण कर इन मार्गों के किनारे अवस्थित पेड़ों में रिफ्लेक्टर टेप लगाये जा रहे हैं। जिससे रात्रि के समय में होने वाली संभावित सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

यातायात पुलिस टीम द्वारा रोड पर किनारे स्थित पेड़ो पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया है, जिससे रात में वाहन चालकों की विजिबिलिटी बनी रहे और दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके।

रात्रि में वाहन चलाते समय प्रकाश की कमी के साथ ही सामने से आ रहे वाहन की लाइट से भी वाहन चालकों को सड़क की चौड़ाई का अंदाजा लगाने में कठिनाई होती है, जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा में ऐसी सड़क दुर्घटनाओं को रोके जाने के उद्देश्य से सड़क किनारे अवस्थित पेड़ों में रिफ्लेक्टर टेप लगाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा कानपुर सागर हाइवे में दुर्घटना बाहुल्य इलाकों में सड़क किनारे लगे पेड़ो में रिफ्लेक्टर टेप लगाये जाने की प्रक्रिया पुनः आरम्भ की गई है।






- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।**
- **महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किया जागरुक।**

महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 28.06.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना खन्ना की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले गांवों/कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।



